<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

# एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने इरेडा की दीर्घकालिक अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी' (स्थिर आउटलुक) में अपग्रेड किया

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) को आज एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा उनके दीर्घकालिक जारीकर्ता क्रेडिट रेटिंग 'बीबीबी-' से 'बीबीबी' स्थिर आउटलुक में अपग्रेड प्राप्त हुआ है। अल्पकालिक रेटिंग को भी 'ए-3' से संशोधित कर 'ए-2' कर दिया गया है।

इस अपग्रेड से इरेडा की अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग के अनुरूप हो गई है, जोकि देश के नवीकरणीय ऊर्जा मिशन के लिए कंपनी के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करती है।

एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने इस अपग्रेड के पीछे इरेडा की मज़बूत परिसंपत्ति गुणवत्ता, सुदृढ़ पूंजीकरण और मज़बूत तरलता प्रोफ़ाइल को प्रमुख कारक माना है। रेटिंग में इस वृद्धि से इरेडा की वित्तपोषण क्षमताएँ मज़बूत होने, उसकी पूँजी लागत कम होने और इक्विटी तथा ऋण पूँजी बाज़ारों में निवेशकों का विश्वास और अधिक बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत के प्रमुख हरित वित्तपोषण संस्थान के रूप में इसकी अग्रणी स्थिति और अधिक मज़बूत होगी।

इस प्रगति के बारे में संदेश देते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि: "एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा इस अपग्रेड से हम प्रसन्न हैं, जो ना केवल इरेडा की वित्तीय मजबूती को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन के लिए हमारी महत्वपूर्ण भूमिका को भी प्रदर्शित करता है। सॉवरेन रेटिंग के साथ यह संरेखण हमें और अधिक प्रतिस्पर्धी रूप से पूंजी प्राप्त करने और हमारी दीर्घकालिक रणनीति में निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए सक्षम बनाएगा।"

श्री दास ने इरेडा टीम को उनके प्रयासों के लिए सराहना की और माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री; माननीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री; एमएनआरई की सचिव; मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों; और निदेशक मंडल के प्रति उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।